# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 07 मार्च, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-07-march-2020

## राम वन गमन पथ

मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री कमलनाथ की अध्यक्षता में "राम वन गमन पथ" निर्माण के लिये ट्रस्ट गठित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री कमलनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश में 'राम वन गमन पथ' निर्माण के लिये ट्रस्ट के गठन को मंज़ूरी मिल गई है। यह मार्ग चित्रकूट से अमरकंटक तक बनेगा जहाँ भगवान राम ने 14 वर्ष के वनवास काल में पत्नी सीता और छोटे भाई लक्ष्मण के साथ वन गमन किया था। आधिकारिक सूचना के अनुसार, ट्रस्ट के पदेन सचिव प्रदेश के मुख्य सचिव होंगे। ट्रस्ट में अन्य सदस्य भी शामिल किये जाएंगे किंतु अभी उनकी संख्या तय नहीं की गई है।

## स्टूडेंट हेल्थ कार्ड

जम्मू-कश्मीर सरकार ने 5 मार्च को जम्मू में 'स्टूडेंट हेल्थ कार्ड' योजना की शुरुआत की है। इसका उद्घाटन उपराज्यपाल जी.सी. मुरमू ने एक कार्यक्रम में किया। इसका आयोजन शिक्षक दिवस पर जम्मू के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से स्कूल शिक्षा विभाग के मध्याह्न भोजन निदेशालय द्वारा किया गया था। इस योजना के तहत स्कूल जाने वाले बच्चों की नियमित जाँच सुनिश्चित की जाएगी। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य नियमित जाँच के माध्यम से स्कूल के बच्चों और उनके माता-पिता के स्वास्थ्य में सुधार करना है। इससे पहले सरकार ने ज़रूरतमंद स्कूल जाने वाले बच्चों के लिये कुपोषण को रोकने के उद्देश्य से मिड-डे मील योजना लॉन्च की थी।

## बिमल जुल्का

बिमल जुल्का को केंद्रीय सूचना आयोग का नया मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है। विदित हो कि इससे पूर्व वे सूचना आयुक्त के तौर पर कार्य कर रहे थे। पिछले मुख्य सूचना आयुक्त सुधीर भार्गव 11 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए। बिमल जुल्का 1979 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के रिटायर्ड IAS अधिकारी हैं। सूचना अधिकार अधिनयम, 2005 के अंतर्गत केंद्रीय सूचना आयोग का गठन 12 अक्तूबर, 2005 को किया गया था। आयोग की अधिकारिता सभी केंद्रीय लोक प्राधिकारियों पर है। आयोग की शक्तियाँ और कार्य सूचना अधिकार अधिनियम की धारा- 18, 19, 20 और 25 में उल्लिखित हैं।

## महाराजा रणजीत सिंह

BBC वर्ल्ड हिस्ट्री मैगज़ीन द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण में महाराजा रणजीत सिंह का चयन विश्व में सर्वकालिक 'सबसे महान नेता' के रूप में किया गया है। महाराजा रणजीत सिंह को एक सहिष्णु साम्राज्य बनाने के लिये 38 प्रतिशत से अधिक वोटों के साथ चुना गया। सर्वेक्षण में दूसरे स्थान पर रहे एमिलकर कैबरल को 25 प्रतिशत वोट मिले। कैबरल अफ्रीकी स्वतंत्रता सेनानी थे और उन्होंने अफ्रीकी स्वतंत्रता में प्रमुख भूमिका निभाई थी। महाराजा रणजीत सिंह 19वीं सदी के सिख साम्राज्य के भारतीय शासक थे। महाराजा रणजीत सिंह का जन्म 13 नवंबर, 1780 को गुजरांवाला, पाकिस्तान में हुआ था। उन्हें 'पंजाब का शेर' नाम से भी जाना जाता है और सबसे महान सिख नेताओं में गिना जाता है। रणजीत सिंह ने न केवल पंजाब को एकजुट रखा, बल्कि अंग्रेज़ों को अपने साम्राज्य पर कब्ज़ा करने की अनुमति नहीं दी।\

## गौरा देवी

चिपको वूमन के नाम से मशहूर गौरा देवी को वर्ष 1974 में शुरु हुए विश्व प्रसिद्ध चिपको आंदोलन की जननी माना जाता है। गौरा देवी का जन्म वर्ष 1925 में चमोली ज़िले के लाता गांव में हुआ था। वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध के पश्चात् भारत सरकार ने चमोली में सैनिकों के लिये सुगम मार्ग बनाने हेतु पेड़ों को काटना शुरू कर दिया। जिससे बाढ़ से प्रभावित लोगों में पहाड़ों के प्रति चेतना जागी। इसी चेतना के कारण प्रत्येक गांव में महिला मंगल दलों की स्थापना की गई, वर्ष 1962 में गौरा देवी को रैंणी गांव की महिला मंगल दल का अध्यक्ष चुना गया। गौरा देवी पेड़ों के कटने से रोकने के साथ ही वृक्षारोपण के कार्यों में भी संलग्न रहीं, उन्होंने ऐसे कई कार्यक्रमों का नेतृत्व किया। गौरा देवी को ग्राम स्वराज्य मंडल की 30 महिला मंगल दल की अध्यक्षाओं के साथ भारत सरकार ने वृक्षों की रक्षा के लिये वर्ष 1986 में प्रथम वृक्ष मित्र पुरस्कार भी प्रदान किया था। गौरा देवी का 4 जुलाई, 1991 को निधन हो गया।